Punjab Kesari 27/6/11

शिविर में 738 रोगियों की हुई जांच

स्वास्थ्य विशाल कैंप का शुभारम्भ करतीं शक्ति रानी शर्मा। (मोहन)

अम्बाला शहर, 26 जून (रीटा): अम्बाला हैल्थ सोसायटी एवं माता श्यामो देवी मैमोरियल चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को सिविल अस्पताल अम्बाला शहर में लगाए गए विशाल मुफ्त जांच एवं आप्रेशन चिकित्सा शिविर में 738 रोगियों की जांच की गई जिनमें 469 नेत्र रोगी थे।

इन रोगियों में 63 मोतियाबिंद के रोगियों के मुफ्त ऑप्रेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पी.सी. शर्मा के अस्पताल में बिल्कुल मुफ्त किए जाएंगे। इसके अलावा 100 ऐसे लोगों को मुफ्त चश्मे प्रदान किए गए जिन्हें इनकी जरूरत थी। शिविर में आंख, नाक व कान के 142 रोगियों तथा 107 दंत रोग से पीड़ित लोगों की भी जांच की गई जिसमें से 45 दंत रोगियों का डाक्टरों द्वारा उपचार भी किया गया। शिविर में 10 लोगों की एच.आई.वी. तथा अन्य 10 की क्षय रोग की भी जांच की गई। शिविर में आए सभी रोगियों को सोसायटी की ओर से मुफ्त दवाइयां तथा अम्बाला इलैक्ट्रिकल एसोसिएशन की ओर से मुफ्त भोजन, दूध व फल की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

शिविर का उद्घाटन करते हुए हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए पर्यावरण को स्वच्छ रखना सबसे जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अम्बाला को गंदगी मुक्त बनाने के लिए वे स्वयं धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाएंगी। सिविल सर्जन डा. सतीश अग्रवाल ने बताया कि बीमारियों से बचने के उपाय अपनी दिनचर्या में शामिल करके व्यक्ति अधिकतर बीमारियों से बच सकता है।

इस मौके पर अम्बाला हैल्थ सोसायटी के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी एस.डी. गौतम ने द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पी.सी. शर्मा ने आंखों की बीमारियों से बचाव के उपाय बताए, जबकि डा. वी.के. मल्होत्रा ने तपेदिक रोग के फैलने व उसके इलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डा. प्राची सेठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र यादव, एस.डी.एम. मुकेश आहूजा, वन मंडल अधिकारी जगमोहन शर्मा व सविन्द्र कौर आदि मौजूद थे।

पुलिस ने चलाया चैकिंग